## समाचार संक्षेप

### डीईओ ने छात्रों को बांटे गर्म कपड़े

दुर्ग-रायपुर, 03 दिसंबर (एजेंसी)। उन्नयन माध्यमिक शाला बालक पाटन में जिला शिक्षा अधिकारी के कर कमलो द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े वितरण किए गए। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, पाटन के वरिष्ठ नागरिक सम्माननीय जवाहरलाल गुप्ता, प्रशासक शिक्षा विनय मोहन भट्ट संस्था के प्रधान पाठक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा आठवीं के बच्चे फरहान से 19 का पहाड़ा पूछा बच्चे ने फर्राटे से 19 का पहाड़ा पढ़ कर सुनाया सर प्रसन्न होकर500 की राशि बच्चों को प्रदान की शिक्षा के बढ़ावा के लिए उन्होंने इस तरह का तरकीब अपना कर न केवल बच्चों का हौसला अफजाई किया बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता उच्च हो अच्छा हो के लिए अच्छा संदेश दिया इस अवसर पर प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक शिक्षण सीएससी अशोक गुप्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा संगठन चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

रायपुर, 03 दिसंबर (एजंसी)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सर्वसम्मति से पार्टी के जिला अध्यक्षों के चुनाव, नियुक्ति, और मनोनयन के लिए 17 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये पर्यवेक्षक प्रदेश चुनाव अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रक्रिया को संचालित करेंगे। इन पर्यवेक्षकों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें से अधिकांश पर्यवेक्षकों को दो-दो जिलों का प्रभार दिया गया है। रायपुर शहर और ग्रामीण जिलों के चुनाव की जिम्मेदारी सांसद खेमे के माने जाने वाले वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल को दी गई है। इस नियुक्ति से भाजपा ने आगामी जिला अध्यक्ष चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस प्रक्रिया में निष्पक्षता और संगठनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

### राज्यपाल का किया गया प्रकृति परीक्षण

रायपुर, 03 दिसंबर (एजेंसी)। राज्यपाल रमेन डेका का आज राजभवन में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा प्रकृति परीक्षण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्वेद एवं युनानी चिकित्सा पद्धति और नेचरोपैथी काउंसिल रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, आयुष विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुनिल दास, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर के प्राचार्य डॉ. जी.आर चतुर्वेदी, डॉ. विनय भारद्वाज और डॉ. ओपी राउत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान आरंभ किया गया है।

## भू.अर्जन क्षतिपूर्ति राशि की मांग, जनदर्शन में लगाई गुहार

**ग्राम भटगांव निवासियों ने पेयजल की समस्या से निजात दिलाने दिया आवेदन**

✷ जनदर्शन में 132 आवेदन प्राप्त हुए

दुर्ग 03 दिसम्बर (एजेंसी) कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। एडीएम श्री अरविंद एक्काए डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा भी जनदर्शन में मौजूद थे। जनदर्शन में आज 132 आवेदन प्राप्त हुए।



ग्राम कोलिहापुरी निवासियों ने भारत माला परियोजना अंतर्गत भू.अर्जन क्षतिपूर्ति राशि की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्हें आधी भूमि का ही भू.अर्जन राशि प्रदान किया गया है और आधी भूमि की राशि प्रदान नही की गई हैए जिस आधी भूमि की राशि प्रदान नही की गई हैए वहां दो मंजिला मकान निर्मित किया हैए जिसमें दो परिवार निवासरत है। आवेदक द्वारा इस संबंध में राजस्व विभाग में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। दो मंजिला मकान की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम भटगांव के निवासियों ने पेयजल की समस्या से निजात दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी टंकी का निर्माण किया गया हैए लेकिन ग्रामवासियों को पानी नही मिल पा रहा है। गांव के कुछ हिस्सों में पानी आवश्यकता से अधिक पहुंचता हैए जो कि उपयोग न होने की दशा में नालियों में बहता रहता है। दूसरी तरफ गांव के कुछ हिस्सों में आवश्यकता के अनुरूप पानी नही मिल पा रहा है। इस समस्या से ग्राम पंचायत को भी अवगत कराया गया था। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायतध्लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

वार्ड.5 के वार्डवासियों ने किसी अन्य स्थान पर कचरा डम्प करने आवेदन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि कसार मेटल्स की निजी भूमि पर निगम द्वारा वर्षों से कूड़ा कचरा डम्प किया जा रहा हैए जिसके कारण यहां रहने वाले आसपास के घरों में कचरा उड़कर अंदर घर में पहुंच जाता है। जब कूड़ा कचरा को जलाया जाता हैए तो इसका प्रदूषित धूंआ पूरे वातावरण को दूषित करने के साथ ही घर के अंदर प्रवेश कर जाता है। कचरे के बदबू से गंभीर संक्रमण होने की संभावना बनी रहती है। कचरे के कारण आसपास के क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन के दौरान विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

## जीआरपी के चार कांस्टेबल के घर एसीबी की दबिश

रायपुर, 03 दिसंबर (एजेंसी)। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बिलासपुर में बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी की टीम ने जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) के चार कांस्टेबलों के घरों पर छापा मारा है. यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप के बाद की गई है. छापेमारी के दौरान कांस्टेबल मन्नू प्रजापति, सौरभ नागवंशी, संतोष राठौड़ और लक्ष्मण गायन के घरों की तलाशी ली गई। मन्नू प्रजापति और सौरभ नागवंशी के मोपका स्थित मकान पर एसीबी ने छापा मारा. इसके अलावा संतोष राठौड़ और लक्ष्मण गायन के सिरगिट्टी स्थित मकान पर रेड की कार्रवाई हुई। दरअसल, इन चारों कांस्टेबलों पर ट्रेनों के माध्यम से गांजा और प्रतिबंधित टैबलेट्स की तस्करी करने का आरोप है. इसके अलावा इनके पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायतें मिली थी. प्रारंभिक जांच में इन कांस्टेबलों के बैंक खातों से करोड़ों रुपए के लेन-देन का पता चला है. जानकारी के मुताबिक, गांजा तस्करी का यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और ट्रेनों के जरिए इसे अंजाम दिया जा रहा था।

इन चारों कांस्टेबलों को विभाग ने पहले ही बर्खास्त कर दिया है. अब इस मामले की जांच एसीबी की टीम कर रही है. जीआरपी के इन कांस्टेबलों पर यह आरोप था कि वे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे. गांजा और टैबलेट्स को ट्रेनों के माध्यम से सप्लाई किया जाता था. इसके साथ ही उनकी संपत्तियों और बैंक खातों की जांच में आय से अधिक संपत्ति होने के संकेत मिले थे।

छापेमारी के दौरान एसीबी की टीम ने कांस्टेबल के घरों से दस्तावेज, बैंक खातों के विवरण, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किया है. संपत्ति की कीमत और अकाउंट्स में हुए ट्रांजेक्शन का गहराई से विश्लेषण किया जा रहा है।

## एयरोनॉटिक्स डी ए वी हाई स्कूल में विश्व एड्स दिवस मनाया गया




सुनाबेड़ा 3 दिसंबर (दंडकारण्य समाचार) रेड रिबन क्लब और जूनियर रेड क्रॉस के सहयोग से सुनाबेड़ा स्थित एयरोनॉटिक्स डी ए वी हाई स्कूल में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य जयंती बल की अध्यक्षता में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में सुनाबेड़ा एच ए एल हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पार्थ सारथी सेठी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और उन्होंने एड्स के कारण और उत्पत्ति के बारे में चर्चा की और कहा कि शिक्षा ए जागरूकता और संयम सबसे अच्छा निवारक उपाय है और इससे समाज को बचाया जा सकता है। प्राचार्या जयंती बल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समृद्धि एवं परिवर्तन तभी आयेगा जब आज का युवा समाज जागरूक होगा। कार्यक्रम का संचालन स्कूल जूनियर रेड क्रॉस की काउंसलर शाहिदा परवीन ने किया और कहा कि एड्स जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रहने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। कार्यक्रम के संचालन में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संदीप पटनायक तापस कुमार मल्लिक एवं संन्यासी डाकुआ ने सहयोग किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शर्मिष्ठा नायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

✷ संभाग आयुक्त ने राठौर समापन समारोह में हुए शामिल

✷ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है- श्री राठौर

✷ उत्कृष्ट स्वयंसेवी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



दुग 03 दिसम्बर (एजेंसी) जिले के विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम कुथरेल में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय शिविर का आज समापन हुआ। सेठ आरण्सीण्एसण् कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग एवं इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर के समापन समारोह में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर शामिल हुए। शिविर में उक्त दोनों महाविद्यालय के स्वयंसेवी विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय स्कूल के बच्चे भी शामिल थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए आयुक्त राठौर ने स्वयंसेवी सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बाधाई दी। उन्होंने कहा कि शिविर में शामिल सभी विद्यार्थियों को इन सात दिनों में बहुत सिखने का अवसर मिला होगा। समूह में काम करने का अपना अलग ही अंदाज है।

संभाग आयुक्त राठौर ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सेवा के माध्यम से धर्म को सिखा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा के साथ अच्छी पढ़ाई कर अपने.आप को मजबूत बनाने की समझाईश दी। साथ ही विद्यार्थियों को अपने कैरियर पर विशेष ध्यान देने की बाते कहीं। संभाग आयुक्त राठौर ने इस सात दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवियों को अपने करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वैशाली नगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉण् अलका मेश्राम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और शिविर के सफल आयोजन के लिए उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। ग्राम पंचायत कुथरेल के सरपंच श्रीमती रश्मि चन्द्राकर ने भी शिविर के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये।

## विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 तक

✷ अधिकारी-कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे

✷ कलेक्टर ने जारी किया आदेश

रायगढ़, 03 दिसंबर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र सोमवार 16 दिसम्बर से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 दिसम्बर तक चलेगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने एक आदेश जारी किया है जिसमें उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले तारांकित/अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/ जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थ/ कार्यरत समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को उक्त विधानसभा सत्र के दौरान सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

## धान खरीदी की नई नीति से किसानों के जीवन में आई नयी आशा



दुर्ग 3 दिसंबर (एजेंसी) छत्तीसगढ़ शासन के ऐतिहासिक निर्णय ने राज्य के किसानों के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की समर्थन मूल्य पर एवं 21 क्विण् प्रति एकड़ खरीदी ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। यह निर्णय न केवल किसानों की मेहनत का सम्मान करता है बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का भी एक प्रयास है। दुर्ग जिले में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों की उपज की खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिले के दुर्ग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोनारी के किसान श्री अश्विनी कुमार साहू ने अपनी आधी एकड़ की जमीन से 11ण्20 क्विंटल धान की उपज ली और उसे समर्थन मूल्य पर बेच दिया। उन्होंने बतायाए ष्मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि सरकार ने किसानों के हितों का ख्याल रखा है। धान बिक्री से मिली राशि से मैं अपना बैंक से लिया कर्ज चुका दूंगा और बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी निकाल लूंगा।ष् कृषक श्री अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहाए ष्मुख्यमंत्री श्री साय के इस निर्णय ने हमारे जीवन में एक नयी आशा लाई है। उन्होंने किसानों की आवाज सुनी और उनके कल्याण के लिए काम कियाए इसके लिए मै उनका शुक्रगुजार हूं।ष

## युवाओं को अपने विचार विश्व के सामने प्रस्तुत करना चाहिए - राज्यपाल

✷ राज्यपाल ने विकसित भारत चौलेंज में भाग लेने की अपील की

रायपुर, 03 दिसंबर (ऐजंसी)। राज्यपाल श्री रमेन डेका से राजभवन में नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निर्देशक अतुल निकम ने मुलाकात कर राज्यपाल को विकसित भारत चौलेंज के संबंध में जानकारी दी।

राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से विकसित भारत चौलेंज में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के लिए अवसर है कि वे अपने विचारों को विश्व के बदलाव कर्ताओं के सामने प्रस्तुत कर और भारत के विकास यात्रा में सार्थक योगदान देन सकते है।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत चैलेंज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना है। यह बहु-चरणीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता युवाओं को अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का एक अनूठा मंच प्रदान करती है।

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी भी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने आरंग के एसडीएम, जनपद और तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

रायपुर 03 दिसंबर (एजेंसी)। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह आज एसडीएम, जनपद और तहसील कार्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जनपद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मनरेगा शाखा, खनिज शाखा, निर्माण शाखा और प्रधामंत्री आवास शाखा के पंजी का निरीक्षण किया और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। कार्यालय में आए हुए प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से मुलाकात की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन्हें नियमानुसार योजना का लाभ दिया जाए।

## जिला स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने फहराया परचम

✷ 0 7 विकासखंडों के विद्यार्थियों ने लिया भाग, लगभग 65 बच्चों ने की सहभागिता

रायगढ़, 03 दिसंबर (एजेंसी)। माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने उसे पोषित करने एवं शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में कला उत्सव का विषय वस्तु विकसित भारतवर्ष-2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। कला उत्सव स्कूलों में उत्सव की वह पहल है जो प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। यह प्रतियोगिता जिला/ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है।

रायगढ़ जिले में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री के व्ही राव तथा जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में पूरे उत्साह के साथ पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कला उत्सव में रायगढ़ जिले के 07 विकास खंडों से लगभग 65 बच्चों ने अपनी सहभागिता विभिन्न प्रतियोगिता में दर्ज कराई। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीपीओ श्री आलोक स्वर्णकार ने बताया कि विकासखंड से चयनित बच्चे जिला स्तर पर अपनी सहभागिता उत्कृष्टता के साथ दर्ज कराया। जिला स्तर में चयनित सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की रायपुर में आयोजित होनी है जिसमें अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। आज आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संगीत गायन एकल एवं समूह प्रस्तुति जिसमें शास्त्रीय, पारंपरिक भक्ति, समूह गान तथा लोक आदिवासी भक्ति एवं देश भक्ति गीतों से संबंधित रही। संगीत वादन में एकल एवं समूह प्रस्तुति जो कि शास्त्रीय, लोक, वाद्य, आर्केस्ट्रा समूह लोक एवं शास्त्रीय स्तर की रही, जो कि शास्त्री लोक, जनजातीय एवं गैर फिल्मी स्तर की थी। नाटक प्रतियोगिता एकल मोनो एक्ट मिमिक्री माइम रही। दृश्य कला में चित्रकला, चित्रकारी, स्वदेशी खिलौने, कार्टून एवं कैरीकेचर, स्वदेशी खिलौने, स्थानीय शिल्प पर आधारित थे।

पारंपरिक कहानी वाचन में बच्चों की कहानी वाचन कला को आंकलन किया गया। उपरोक्त 6 विधाओं के लिए जिले के 18 विशेषज्ञों के माध्यम से प्रदर्शन के बाद उनकी कला का आंकलन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।

जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कला एवं शिक्षा जब दोनों साथ-साथ चलते हैं तब बच्चन का संपूर्ण विकास संभव हो पाता है तथा हमारे अंदर अंतर्निहित इन प्रकार की कलाओं के माध्यम से हमें विभिन्न प्रकार के विषम परिस्थिति में मानसिक थकान महसूस नहीं होती।

जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और यह एक कला के रूप में जाना जाता है।

## सिम स्वैपिंग, क्रिप्टोकरंसी इन्वेस्टमेंट और शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 03 दिसंबर (एजेंसी)। रेंज साइबर थाना रायपुर की ने कार्यवाही करते हुए सिम स्वैपिंग, क्रिप्टोकरंसी इन्वेस्टमेंट और शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने के 6 अलग-अलग प्रकरणों में 9 आरोपियों को पुणे, मुंबई, नासिक, दुर्ग, महासमुंद, बिलासपुर और रायपुर से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के बैंक खाता में होल्ड रकम में से 6 लाख रुपए पीड़ितों के खाता में वापस डलवाये है वहीं प्रकरणों से संबंधित लेयर 1 बैंक अकाउंट में होल्ड 4.21 करोड़ रुपए पीड़ितों के खातों में जल्द वापसी प्रक्रियाधीन, अन्य लेयर के बैंक खाता में होल्ड 30 करोड़ रूपये का विश्लेषण किया जा रहा है।

बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर को साइबर अपराधों में तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने एवं ठगी की रकम होल्ड/जप्त करने के संबंध में निर्देश दिया गया है। जिस पर कार्यवाही करते हुए रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

जिसके तहत पहले मामले में प्रार्थी अनिमेष तिवारी ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 99 लाख रुपए ठगी होने की रिपोर्ट थाना तेलीबांधा में दर्ज कराया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 644/24 धारा 318 (4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई थी। विवेचना क्रम में आरोपी समीर थोरात पिता खंडेराव थोरात उम्र 25 वर्ष पता चादोंली अंबेगांव थाना मंचर पुणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है, आरोपी लाइसेंस बनाने एवं ऋअ्रह सम्बंधी कार्य करता है। पूर्व में एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।